
**राजनीति** महिला कांग्रेस अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर किया गया स्वागत

# रोजगार छीनने की साजिश मनरेगा को बदलना



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन शनिवार को हुआ। उनके आगमन पर महिला कांग्रेस नेत्री सौम्या रांधेलिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। स्वागत कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा की। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कटनी समस्याओं की राजधानी बन गया है, जहां नागरिक बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। बरगवां स्थित कांग्रेस कार्यालय में अपनी पहली कटनी यात्रा के दौरान एक पत्रकार वार्ता में बोरासी ने यह बात कही। उन्होंने कटनी के विकास के लिए सरकार से एक समग्र योजना बनाने की मांग की। बोरासी ने याद दिलाया कि वर्ष 2003 में जब प्रदेश में भाजपा सरकार बनी थी, तब बिजली कटौती समाप्त करने, अच्छी सड़कें उपलब्ध कराने और हर घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा कि इन वादों को 23 साल बीत चुके हैं, लेकिन वे आज भी पूरे नहीं हो सके हैं। बोरासी ने कटनी की सड़कों की खराब हालत पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि या तो सड़कें हैं ही नहीं, और यदि हैं तो वे गड्ढों से भरी हुई हैं। कटनी के विकास के लिए यह आवश्यक है कि राज्य सरकार के द्वारा समग्र विकास की योजना तैयार की जाएं। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए समय सूची तय की जाएं। इस योजना के क्रियान्वयन में होने वाला सारा खर्च राज्य सरकार के द्वारा उठाया जाएं। उन्होंने मांग की है कि कटनी को समस्या से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार के द्वारा 2000 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाए। इस अनुदान की राशि से कटनी नगर निगम तथा जिला पंचायत के द्वारा सभी सड़कों का नए सिरे से निर्माण किया जाए। कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना कटनी जैसे छोटे और समस्याओं से घिरे शहरों में रोजगार के अवसर पैदा करने का एक जरिया थी। इस योजना के माध्यम से गरीब लोगों को रोजगार मिलता था। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा इस योजना को बंद करते हुए इसके स्थान पर एक नई योजना घोषित कर दी गई है। इस नई योजना से ना तो गरीब नागरिकों को रोजगार मिलेगा और ना ही उन लोगों का जीवन यापन अच्छा हो सकेगा। पत्रकार वार्ता के पहले शहर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, सौम्या रांधेलिया सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## शराब दुकान पर युवक को मारी चाकू, आरोपी गिरफ्तार

**चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुआ युवक, इलाज जारी**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला गांव में शराब दुकान के पास मामूली विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी ने खुद को कमरे में कैद कर लिया, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, विलायत कला के रहने वाले रमेश रजक और बनेहरा निवासी धनेंद्र रजक के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। खमतरा तिराहे पर स्थित शराब दुकान के सामने यह विवाद इतना बढ़ा कि रमेश ने चाकू निकालकर धनेंद्र पर हमला कर दिया। धनेंद्र बुरी तरह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। हमला करने के बाद आरोपी रमेश भागा नहीं, बल्कि पास के ही एक कमरे में घुस गया और अंदर से शटर गिरा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे बाहर निकलने के लिए घंटों समझाती रही। डेढ़ घंटे तक चले ड्रामे के बाद जब वह बाहर आया, तब पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। घायल धनेंद्र को 108 एम्बुलेंस से बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारकर लिया गयाहै।


### एक नजर में

## आरक्षक भर्ती के दूसरे चरण की परीक्षा 23 से

**नवभारत, कटनी।** आरक्षक और आरक्षक रेडियों के 7500 पदों पर भर्ती के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी मंडल भोपाल द्वारा ऑनलाईन परीक्षा 30अक्टूबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित कराई गई थी। इस परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर घोषित किया गया है। सफल उम्मीदवार को अगले चरण के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण, 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद और गोला फेंक मध्यप्रदेश के 10 स्थानों पर 23 फरवरी से 13 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से आरंभ होगी। ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवार मप्र कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट से अपना सूचना पत्र डाउनलोड कर निर्धारित शारीरिक प्रवीणता परीक्षा स्थल पर पहुंचे।

## लाड़ली बहनों के खाते में भेजी गई राशि

**जिले की दो लाख 38 हजार 962 महिलाओं को मिला लाभ**



**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को खंडवा जिले के पंढाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 38 हजार 962 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 33वीं किस्त के तौर पर 35 करोड़ 4 लाख 65 हजार 900 रूपये की राशि का अंतरण किया। जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय आयोजन के प्रसारण को लाड़ली बहनों ने देखा और सुना। जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 317 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 78 लाख 84हजार 600 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 94 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 88 लाख 12 हजार रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 165पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 45 लाख 13हजार 200 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 705 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 4 लाख 50हजार 300 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 765पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 78 लाख 75हजार 400 रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 34 हजार 809 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 12 लाख 5 हजार रूपये अंतरित किये। वहीं नगर निगम कटनी की 28 हजार 69 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 9 लाख 5 हजार 700 रूपये ,नगर परिषद बरही की 2 हजार 297 पात्र महिलाओं के खाते में 33 लाख 80हजार 400 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 265 पात्र महिलाओं के खाते में 32 लाख 74 हजार 500 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 476 पात्र महिलाओं के खाते में 21 लाख 64 हजार 800 रूपए अंतरित किए गए है।

## शिविर लगाकर जमा कराया जल और संपत्ति कर, किराया भी वसूला

**नगर निगम क्षेत्र में तीन स्थानों पर लगाए गए विशेष शिविर**



**नवभारत, कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा सुगम सेवा, सरल भुगतान के लिए शहरवासियों को बकाया करों के भुगतान की सुविधा दिए जाने के उद्देश्य से शहर में विशेष राजस्व वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं। नरग निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नगारिकों की सुविधा के लिए सुभाष चौक, बिलगवां आंगनवाड़ी केंद्र सहित मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर वाणिज्यिक केंद्र के पास विशेष कर वसूली शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर स्थल में संलग्न राजस्व टीम द्वारा शहरवासियों को बकाया संपत्ति कर, जलकर और दुकान किराया राशि की जानकारी देकर बकाया राशि जमा कराने की सुविधा दी गई। राजस्व अधिकारी ने बताया कि आयोजित विशेष शिविर के दौरान 6 लाख 36 हजार 825 रुपए संपत्ति कर, 2 लाख 4 हजार 140 रुपएजल कर तथा 2 लाख 75 हजार 68 रुपए दुकान किराया राशि निगम कोष में जमा की गई।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए निगम के राजस्व अमले की गठित जलकर एवं संपत्ति कर वसूली टीमों द्वारा भी वार्डों में डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। शहरवासियों को उनके बकाया करों औरआयोजित हो रहे शिविरों की जानकारी देकर नगर निगम कोष में बकाया राशि जमा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को शासकीय अवकाश के दिन भी नगर निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 37 व जोन कार्यालयों के अतिरिक्त नगर के तीन स्थलों सुभाष चैक, खेरमाई मंदिर के पास, दुकान किराया राशि जमा करने के लिए बिलैया तलैया सब्जी में विशेष राजस्व वसूली शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया करों को जमा करने की सुविधा दी जाएगी। शहरवासियों से कहा गया कि वे अवकाश के दिनों में कार्यालय और विशेष शिविर स्थल जाकर बकाया कर जमा कर सकते हैं और कर नहीं जमा करने पर की जाने वाली अप्रिय कार्रवाई से बच सकते हैं।


## प्रशिक्षण के बाद ली गई परीक्षा

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जिले के जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत ग्राम बिहरियाकी 35 गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालीस्व सहायता समूह की महिलाओं को कृषिउद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण स्टेट बैंक ऑफ़ इंडियाग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मे प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के बाद ओम प्रकाश चतुर्वेदी परीक्षा नियंत्रक, प्रमाणीकरण रुडसेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन और निर्देशन में कृषि उद्यमी की परीक्षा परीक्षक रामसुख दुबे व बैंक से संबंधित परीक्षा परीक्षक आशीष खरे मैहर द्वारा परीक्षा ली गई। स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी के अंतर्गत जलवायु भूमि के प्रकार पोषक तत्व मिट्टी परीक्षण जैविक खाद एवं कीटनाशक जैविक खेती कीट एवं रोग नियंत्रण खाद्यान्न दलहन तिलहन, सब्जी फसलों सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर टपक सिंचाई शुष्क भूमि कृषि तकनीकी, लघु और सीमांत किसानों को जानकारी दी गई।

## वकीलों को टोल टैक्स किया जाये मुक्त

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, गृहमंत्री भारत सरकार तथा गृहमंत्री मध्य प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के समस्त पंजीकृत अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर टोल शुल्क से मुक्त किए जाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने बताया कि वकीलों के लिए विशेष (टोल मुक्त परमिट पास) जारी करने की मांग भी की गई है। कार्यकारी सचिव नीलेश जैन ने बताया कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व नहीं करते, बल्कि वे न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रतिदिन उन्हें विभिन्न जिलों, संभागों एवं दूरस्थ न्यायालयों में न्यायिक कार्यों के लिए निरंतर आवागमन करना पड़ता है।

## सरकारी जमीन में दुकान बनाकर किराए पर चला रहे भू–माफिया



**नवभारत, कटनी।** शहर के दुगाड़ी नाला क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। रॉय कॉलोनी के सामने स्थित पुरानी सड़क पर भू–माफियाओं ने अवैध निर्माण कर दुकानें बना ली हैं और उन्हें व्यावसायिक उपयोग के लिए किराए पर दे दिया है। स्थानीय निवासी जयंत गोस्वामी ने नगर निगम आयुक्त और एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया कि उनके मकान के ठीक सामने मौजीलाल रजक और महेश रजक ने शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कराया है। शिकायत में आरोप है कि कब्जाधारियों ने सार्वजनिक संपत्ति को निजी जागीर मानकर यहां बने कमरों को किराए पर दे दिया है, जहां अवैध व्यापार संचालित किया जा रहा है। इस अतिक्रमण से न केवल रास्ता बाधित हो रहा है, बल्कि मोहल्ले के बच्चों के खेलने का एकमात्र खुला मैदान भी समाप्त हो रहा है। दुगाड़ी नाला पार करने वाली यह पुरानी सड़क सार्वजनिक उपयोग के लिए थी।

## होने वाली पत्नी ने की युवक की हत्या, गिरफ्तार

**रीठी थाना क्षेत्र के खम्हरिया में हुई हत्या का खुलासा**

**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र में हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। खम्हरिया गांव में जिस युवक की लाश मिली थी, उसकी हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी होने वाली पत्नी ने ही की थी। मोबाइल में दूसरी लड़की की फोटो देखने के बाद शुरू हुए झगड़े ने इस खूनी वारदात का रूप ले लिया। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के परसवारा गांव निवासी मृतक सुनील आदिवासी (20 वर्ष) की शादी खम्हरिया गांव की एक नाबालिग लड़की से तय हुई थी। सुनील बुधवार रात अपने ससुराल आया था, लेकिन अगली सुबह गांव के पास ही उसकी लाश मिली। पुलिस को तफ्तीश के दौरान उसकी मंगेतर पर संदेह हुआ। युवती से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि सुनील के मोबाइल में किसी दूसरी लड़की की फोटो देखकर उसे बहुत गुस्सा आया और बहस बढ़ गई। गुस्से में आकर नाबालिग लड़की ने घर में रखे बिजली के तार से सुनील का गला घोंट दिया, जिससे उसकी वहीं मौत हो गई।





